-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बबेरु पुलिस द्वारा गुम हुए 03 वर्षीय बच्चे को 02 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 09.12.2024 को थाना बबेरु पुलिस द्वारा 03 वर्षीय गुम हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 09.12.2024 को कस्बा बबेरु की रहने वाली चंदन देवी ने थाना बबेरु पर सुचना दी कि उनका 03 वर्षीय पुत्र आदित्य घर के बाहर खेल रहा था जो अचानक कहीं चला गया काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। सूचना पर तत्काल थाना बबेरु पर गठित मिशन शक्ति एंटीरोमियों टीम द्वारा मौके पर जाकर आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए बच्चे को 02 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. चौकी प्रभारी कस्बा बबेरु श्री कौशल सिंह
2. म0उ0नि0 निक्की पटेल
3. म0का0 दीप्ति चतुर्वेदी